झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद राँची, झारखण्ड

प्रथम सावधिक परीक्षा 2021- 22

मॉडल प्रश्न पत्र **सेट - 2**

कक्षा : 9	**विषय - विज्ञान**	**समय - 1 घंटा 30 मिनट**	**पूर्णांक - 40**

- **सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य है।**
- **कुल 40 प्रश्न हैं।**
- **प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।**
- **प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिये गये हैं।**
- **सही विकल्प का चयन कीजिए।**
- **गलत उत्तर के लिये कोई अंक नहीं काटे जायेंगे**

---

1. स्वचालित वाहनों में एक यंत्र लगा होता है जो उनके द्वारा तय की गई दूरी को प्रदर्शित करता है इस यंत्र को कहते हैं -
   a) ओडोमीटर b) स्पीडोमीटर c) थर्मामीटर d) इनमें से कोई नहीं
2. सरल रेखीय गति का उदाहरण है -
   a) सरल लोलक की गति b) सड़क पर कार की गति
   b) सूर्य के चारों ओर पृथ्वी की गति d) इनमें से कोई नहीं
3. इकाई समय में निश्चित दिशा में तय की गई दूरी है -
   a) चाल b) वेग c) विस्थापन d) त्वरण
4. एक समान गति की अवस्था में त्वरण होता है –
   a) शुन्य b) धनात्मक c) ऋणात्मक d) इनमें से कोई नहीं
5. संवेग कैसी राशि है-
   a) सदिश b) अदिश c) सदिश एवम अदिश d) इनमें से कोई नहीं
6. सभी वस्तुएं अपनी अवस्था में परिवर्तन का विरोध करती है। यह गुण कहलाता है-
   a) पल b) जड़त्व c) द्रव्यमान d) संवेग
7. संवेग का S.I. मात्रक होता है-
   a) kg.m/s b) $kg.ms^2$. c) न्यूटन, d) m/s
8. यदि दो वस्तु A और B के द्रव्यमान क्रमशः 6 kg तथा 34 kg हो तो -
   a) A का जड़त्व B से अधिक होगा b) B का जड़त्व A से अधिक होगा
   a) दोनों का जड़त्व बराबर होगा d) A तथा B का जड़त्व शुन्य होगा

9. न्यूटन का कौन सा गति नियम ही गति का वास्तविक नियम है –

a) प्रथम गति नियम b) द्वितीय गति नियम

b) तृतीय गति नियम d) इनमें से कोई नहीं

10. पृथ्वी के गुरुत्वीय त्वरण (g) का मात्रक है-

a) m/s b) m/s^2 c) N d) kg.m/s

11. पृथ्वी सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाती है। यह किस बल के कारण होता है?

a) गुरुत्वाकर्षण बल b) उत्प्लावन बल c) दबाव d) इनमें से कोई नहीं

12. सार्वत्रिक गुरुत्वीय स्थिरांक G का S. I. मात्रक है-

a) m/s b) kg.m/s c) $N.m^2/kg^2$ d) जुल

13. यदि दो वस्तुओं के बीच की दूरी को आधा कर दिया जाए तो उनके बीच का गुरुत्वाकर्षण बल किस प्रकार बदलेगा-

a) 4 गुना बढ़ जाएगा b) 2 गुना बढ़ जाएगा c) 4 गुना घट जाएगा d) 4 गुना घट जाएगा

14. द्रव्यमान का मान सभी जगह होता है-

(a) समान (b) असामान (c) परिवर्तनशील (d) इनमें से कोई नहीं

15. दिए गए चित्र में पदार्थ के किस अवस्था के कणों को दिखाया गया है?



a) ठोस b) द्रव c) प्लाज्मा d) गैस

16. अगरबत्ती की सुगंध आपको दूर से ही मिलती है इससे पदार्थ के कण के किस गुण का पता चलता है?

a) पदार्थ के कण बहुत छोटे होते हैं।

b) पदार्थ के कणों के बीच रिक्त स्थान होता है।

c) पदार्थ के कण एक दूसरे को आकर्षित करते हैं।

d) पदार्थ के कण निरंतर गतिशील होते है।

17. निम्नलिखित में किस पदार्थ में विसरण की गति तेज होगी?

a) जल b) ऑक्सीजन c) लोहा d) तेल

18. वायुमंडलीय दाब पर 1Kg ठोस को उसके गलनांक पर द्रव में बदलने के लिए जितनी उसमें ऊर्जा की आवश्यकता होती है उससे कहते है-

a) क्वथनांक b) गलनांक c) संगलन की गुप्त ऊष्मा d) वाष्पन की गुप्त ऊष्मा

19. द्रव अवस्था में परिवर्तित हुए बिना ठोस अवस्था से सीधे गैस और वापस ठोस में बदलने की प्रक्रिया क्या कहलाती है?

a) उर्ध्वपातन b) वाष्पीकरण c) संगलन d) विसरण

20. क्वथनांक से कम ताप पर द्रव के वाष्प में परिवर्तित होने की प्रक्रिया क्या कहलाती है?

a) उर्ध्वपातन b) वाष्पीकरण c) संगलन d) गलन

21. 0 डिग्री सेल्सियस बराबर होता है-

a) 100 K b) 273K c) 300 k d) 0 K

22. डाल्टन के परमाणु सिद्धांत का निम्नलिखित में से कौन बिंदु द्रव्यमान संरक्षण के नियम की व्याख्या करता है?

a) सभी द्रव्य परमाणुओं से निर्मित होते हैं|

b) दिए गए तत्व के सभी परमाणुओं का द्रव्यमान एवं रासायनिक गुण धर्म समान होते हैं।

c) परमाणु अविभाज्य सूक्ष्मतम होते हैं जो रासायनिक अभिक्रिया में ना तो निर्मित होते हैं ना ही उनका विनाश होता है|

d) किसी भी यौगिक में परमाणु की सापेक्ष संख्या एवं प्रकार निश्चित होती है

23. ऑक्सीजन का परमाणु द्रव्यमान 16 u है इसका अर्थ है-

a) ऑक्सीजन के परमाणु का द्रव्यमान 16 ग्राम है||

b) ऑक्सीजन का एक परमाणु कार्बन 12 परमाणु के द्रव्यमान के 1 /12वे भाग से 16 गुना भारी है।

c) ऑक्सीजन के परमाणु का द्रव्यमान कार्बन के परमाणु का द्रव्यमान से 16 अधिक है|

d) ऑक्सीजन का परमाणु द्रव्यमान कार्बन के परमाणु से 16 गुना कम है।

24. किसी भी यौगिक का सूक्ष्मतम कण जो स्वतंत्र रूप में रह सकता है तथा उस यौगिक के सभी गुण को प्रदर्शित करता है, कहलाता है-

a) परमाणु b) अणु c) आयन d) संयोजकता

25. निम्नलिखित में से कौन सा यौगिक चतुरपरमाणुक है?

a) $CaCO_3$ b) NH_3 c) H_2O d) NaCl

26. 36 ग्राम जल को मोल में बदले|

a) 2 मोल b) 1मोल c) 4मोल d) 3 मोल

27. 5 मोल नाइट्रोजन गैस का द्रव्यमान क्या होगा?

a) 70 u b) 140 u c) 14u d) 28 u

28. कोशिका का बिजलीघर क्या हैं?

a) अंतरद्रव्य जालिका b) गोलजी उपकरण c) लाइसोसोम d) माइटोकॉन्ड्रिया

29. निम्नलिखित में किस कोशिकांग का अपना डीएनए तथा राइबोसोम होता है ?

a) अंतरद्रव्य जालिका b) गोलजी उपकरण c) लाइसोसोम d) माइटोकॉन्ड्रिया

30. किस कोशिकांग को आत्महत्या की थैली कहा जाता है

a) अंतरद्रव्य जालिका b) गोलजी उपकरण c) लाइसोसोम d) माइटोकॉन्ड्रिया

31. प्रोकैरियोटिक कोशिका का उदाहरण है-

a) अमीबा b) बैक्टीरिया c) कवक d) मनुष्य

32. झिल्ली जीवात जनन की प्रक्रिया कहां होती है?

a) अंतःद्रवी जालिका b) गोलजी उपकरण c) लाइसोसोम d) माइटोकॉन्ड्रिया

33. अर्धसूत्री विभाजन में संतति कोशिकाओं की संख्या क्या होती है?

a) 1 b) 2 c) 3 d) 4

34. एक जीव में गुणसूत्रों की संख्या 18 है उस जीव के अंडे में गुणसूत्रों की संख्या कितनी होगी?

a) 18 b) 9 c) 36 d) 27

35. पौधों में जल एवं खनिज लवण का संवहन कौन करता है?

a) जाइलम b) फ्लोएम c) पैरेंकाइमा d) स्क्लेरेंकाइमा

36. रक्त एक उत्तक है-

a) पेशीय, b) तंत्रिका c) संयोजी d) मांसपेशी

37. अस्थि एवं मांसपेशी को जोड़ने वाली रचना है-

a) लिगामेंट b) टेन्डेन c) तंत्रिका d) मांसपेशी

38. पैरेंकाइमा जिसमें क्लोरोफिल हो, कहलाती है-

a) ऐरेन्काइमा b) कालेनकाइमा c) क्लोरेनकाइमा d) स्क्लेरेंकाइमा

39. किस उत्तक के विभाजन से पौधे की लंबाई बढ़ती है?

a) विभज्योतक b) स्थाई c) पैरेंकाइमा d) स्क्लेरेंकाइमा

40. मुखगुहा की आंतरिक सतह किस उत्तक की बनी होती है?

a) एपिडर्मल b) तंत्रिका c) संयोजी a) पेशीय